Phone : 0591-2485594

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड

1-ए/आई.एन.एस.-1, आवास विकास कालोनी, बौद्ध विहार, दिल्ली रोड, मुरादाबाद

UTTAR PRADESH POLLUTION CONTROL BOARD

1-A/I.N.S.-1, Avas Vikas Colony, Baudha Vihar, Delhi Road, Moradabad

सन्दर्भ.....1295/D-8/जनरल

दिनांक.....18/4/17

सेवा में,

प्रभारी अधिकारी संयुक्त कार्यालय,
कृते जिलाधिकारी,
रामपुर।

विषयः **प्रस्तावित स्थल ग्राम–नरायन नगला, तहसील–बिलासपुर, जिला–रामपुर के खसरा/गाटा संख्या–238 पर पेट्रोल पम्प की स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अपने पत्र संख्या–240/जे0ए0–2, दिनांक 10.03.2017 का संदर्भ लेने का कष्ट करें। जिसके द्वारा उक्त स्थल पर रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प) की स्थापना हेतु विभागीय आख्या चाही गयी है। तत्क्रम में उक्त संदर्भित स्थल का निरीक्षण दिनांक 25.03.2017 को कराया गया। मूल निरीक्षण आख्या इस आशय से संलग्न कर आपको प्रेषित है कि उक्त स्थल पर पेट्रोल पम्प की स्थापना हेतु पर्यावरणीय दृष्टिकोण से कोई आपत्ति नहीं है। बशर्ते कि भण्डारण से किसी भी प्रकार का उत्प्रवाह एवं उत्सर्जन जनित नहीं किया जायेगा। यदि जनरेटर की स्थापना की जाती है तो एकास्टिक एनक्लोजर एवं मानकों के अनुरूप एग्जास्ट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय

(अजय शर्मा)
क्षेत्रीय अधिकारी

प्रभारी अधिकारी संयुक्त कार्यालय, कृते जिलाधिकारी, रामपुर के पत्र संख्या–240/जे0ए0–2, दिनांक 10.03.17 के सदर्भ में प्रस्तावित स्थल ग्राम–नरायन नगला, तहसील–बिलासपुर, जिला–रामपुर के खसरा/गाटा संख्या–238 पर मैसर्स इण्डियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड, बरेली द्वारा पेट्रोल पम्प की स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में निरीक्षण आख्याः–

उपरोक्त संदर्भ में प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण दिनांक 25.03.2017 को किया गया। स्थल निरीक्षण के समय निम्न तथ्य प्रकाश में आये–

1. प्रस्तावित पेट्रोल पम्प ग्राम–नरायन नगला, तहसील–बिलासपुर, जिला–रामपुर के खसरा/गाटा संख्या–238 पर स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।
2. उक्त प्रस्तावित पेट्रोल पम्प के पूर्व दिशा में कृषि भूमि, पश्चिम दिशा में ग्राम–नरायन नगला, तहसील–बिलासपुर, जिला–रामपुर लगभग 800मीटर, उत्तर दिशा में कृषि भूमि एवं दक्षिण दिशा में केमरी–तीनपानी मार्ग लगभग 30मीटर पर स्थित है।
3. प्रस्तावित स्थल पर किसी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं किया जा रहा है।
4. उक्त प्रस्तावित स्थल पेट्रोल पम्प की स्थापना हेतु पर्यावरणीय दृष्टिकोण से उचित प्रतीत होता है।

उपरोक्त तथ्य एवं निरीक्षण आख्या अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है।

(अनिल कुमार विश्वकर्मा)
वैज्ञा0सहा0

सहा0वैज्ञा0अधि0/क्षेत्रीय अधिकारी महोदय

18/04/2017

18.4.17